कार्यालय मिशन संचालक, राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)
विकास भवन, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)
Telephone no. 0771-2999525, E-mail id- sbmg.cg@gov.in, website -www.sbmgcg.in

क्र. 790 मि.सं. / एसबीएमजी / पायलट प्रोजेक्ट / 2022 रायपुर, दिनांक 20/01/2022

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह सदस्य सचिव
प्रबंधन समिति,
जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)
जिला पंचायत – सरगुजा

विषयः स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत दिव्यांगजनों एवं तृतीयलिंग व्यक्तियों हेतु पायलट प्रोजेक्ट अंतर्गत सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु स्वीकृति के संबंध में ।

संदर्भः आपका पत्र कमांक 4814 / एस.बी.एम.जी / जि0प0 / 2021 अम्बिकापुर, दिनांक 09.11.2021 ।

विषयान्तर्गत उपरोक्त पत्र के माध्यम से सरगुजा जिले के 10 ग्राम पंचायतों के मांग के आधार पर संचालित पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत दिव्यांगजनों एवं तृतीयलिंग व्यक्तियों हेतु 10 स्थान में सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु मांग किया गया है । प्राप्त मांग पत्र के आधार पर निम्नानुसार 2 स्थलों (महिला,पुरूष, दिव्यांगजनों एवं तृतीयलिंग व्यक्तियों हेतु) सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान किया जाता है :–

क.	जनपद पंचायत	ग्राम पंचायत	ग्राम	स्थल
1	अम्बिकापुर	हर्राटिकरा	सांडबार	बनदेवी मंदिर के पास
2.	लखनपुर	लहपटरा	लहपटरा	चौक के पास, मेन रोड़ (एन.एच)

दिव्यांगजनों एवे तृतीयलिंग व्यक्तियों हेतु निर्माण होने वाले सामुदायिक शौचालय के पास दैनिक उपयोग की सामग्री एवं अन्य सामग्री के विकय हेतु कुछ दूकान को भी संलग्न किया जा सकता है, जिससे रिवेन्यू भी प्राप्त होगा एवं दूकानदार को शौचालय का उपयोग एवं संधारण की जिम्मेदारी रहेगी । साथ ही दूकान से मासिक किराया भी ग्राम पंचायत को प्राप्त होगा जिससे सामुदायिक शौचालय का संधारण भी सहजता से हो सकेगा। उक्त सामुदायिक शौचालय के साथ आवश्यकतानुसार एक प्रतीक्षालय कक्ष का भी निर्माण किया जा सकता है। निर्माण किये जाने वाले सामुदायिक शौचालय का स्थायित्व बना रहे इसके लिए अभिनव योजना निर्माण कर कार्यवाही की जा सकती है ।

उपरोक्तानुसार दिव्यांगजनों एवं तृतीयलिंग व्यक्तियों हेतु सामुदायिक शौचालय का निर्माण एस.बी.एम.जी के मार्गदर्शिका एवं समय समय पर राज्य से प्रेषित दिशा–निर्देशों के अनुसार करने का कष्ट करें।

संलग्न– उपरोक्तानुसार ।

20.1.22

(सत्य नारायण राठौर)
मिशन संचालक
राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)

पृ.क्र 791 मि.सं. / एसबीएमजी / पायलट प्रोजेक्ट / 2022 रायपुर, दिनांक 20/01/2022

प्रतिलिपि :–

कलेक्टर सह अध्यक्ष प्रबंधन समिति जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) जिला– सरगुजा की ओर सूचनार्थ प्रेषित ।

मिशन संचालक
राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)

कार्यालय, जिला पंचायत–सरगुजा छत्तीसगढ़

(जिला स्वच्छ भारत मिशन,ग्रामीण)

क्रमांक 4814 / एस.बी.एम.जी. / जि0पं0 / 2021 अम्बिकापुर, दिनांक 09 / 11 / 2021

प्रति,

मिशन संचालक,
राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग
रायपुर, छत्तीसगढ़

विषयः– **स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), पॉयलेट प्रोजेक्ट अंतर्गत सामुदायिक शौचालय निर्माण (महिला, पुरुष, दिव्यांग व तृतीय लिंग सहित) हेतु मांग पत्र का प्रेषण।**

—0—

विषयान्तर्गत पॉयलेट प्रोजेक्ट के तहत् जिले के 10 स्थानों में सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य (महिला, पुरुष, दिव्यांग व तृतीय लिंग सहित) हेतु ग्राम पंचायतों द्वारा मांग किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है–

क्र	जनपद पंचायत	ग्राम पंचायत	ग्राम	स्थल	रिमार्क
1	2	3	4	5	6
1	अम्बिकापुर	लिबरा	लिबरा	घुनघुट्टा बांध के पास	पर्यटन स्थल
2		हर्राटिकरा	साड़बार	वनदेवी मंदिर के पास	धार्मिक स्थल
3		बधियाचुआ	बधियाचुआ	ऑक्सिजन पार्क परिसर के पास	पर्यटन स्थल
4	उदयपुर	पूटा	पूटा	रामगढ़ परिसर के पास	दर्शनीय सह धार्मिक स्थल
5		जजगा	जजगा	रनपुरहीन दाई मंदिर परिसर के पास (एन.एच.)	दर्शनीय सह धार्मिक स्थल
6	लुण्ड्रा	लुण्ड्रा	लुण्ड्रा	हॉट बाजार व यात्री प्रतिक्षालय के पास	सामुदायिक व ग्रामीण आवश्यकता आधारित स्थल
7	मैनपाट	लुरैना	लुरैना	दलदली प्वाईंट	पर्यटन स्थल
8		बिसरपानी	बिसरपानी	उल्टा पानी	पर्यटन स्थल
9		रोपाखार	रोपाखार	पुराना बौद्ध मंदिर के पास	दर्शनीय सह धार्मिक स्थल
10	लखनपुर	लहपटरा	लहपटरा	चौक के पास, मेन रोड़ (एन.एच.)	सामुदायिक व ग्रामीण आवश्यकता आधारित स्थल

उपरोक्तानुसार जानकारी आवश्यक कार्यवाही हेतु आपकी ओर प्रेषित है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत–सरगुजा
अम्बिकापुर, दिनांक 09 / 11 / 2021

पृ. क्रमांक 4815 / एस.बी.एम.जी. / जि0पं0 / 2021

प्रतिलिपिः–

1. कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) प्रबंधन समिति, जिला–सरगुजा की ओर सूचनार्थ।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत–सरगुजा